आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 21.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

- केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने कहा – देश के दूर दराज के गांवों और गरीबों का कल्याण सरकार की प्राथमिकता।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने और संशोधन के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- सीबीएसई की 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं अगले साल 15 फरवरी से।
- भारतीय महिला हॉकी टीम ने चीन को 1–0 से हराकर एशियन चैम्पियन्स ट्रॉफी का खिताब जीता।

.........................

केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री डॉ राजभूषण चौधरी ने कहा है कि केंद्र सरकार दूर दराज के गांवों और गरीबों के कल्याण के लिए कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि खेती और पशुपालन का संरक्षण और संवर्धन, केंद्र सरकार की सर्वोपरि प्राथमिकता है। अपनी तीन दिवसीय यात्रा पर कल जैसलमेर पहुंचने के बाद श्री चौधरी ने शाम को ग्राम पंचायत चांदन में थार पारकर प्रशिक्षण और अनुसंधान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि वह अपनी यात्रा के दौरान आकांक्षी जिले जैसलमेर में हुए विकास कार्यों और उन्नति की जानकारी लेकर इससे प्रधानमंत्री को अवगत कराएंगे। केंद्र सरकार इसमें और अधिक तेज गति से विकास के लिए नए सुझावों और प्रयासों को शामिल करेगी। केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री आज ग्रामीण क्षेत्र मूलसागर, अमरसागर और रूपसी का भ्रमण कर विविन्न कार्यो का अवलोकन करेंगे।

.........................

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने प्रदेश के सभी जिलों में मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने और संशोधन करने के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने कुछ स्थानों पर सूचियों में मतदाता–जनसंख्या अनुपात और पुरुष–महिला लिंगानुपात का आंकड़ा कम रहने पर चिंता व्यक्त की है, जिसे मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के दौरान दुरुस्त किया जाना चाहिए। श्री महाजन ने कल सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक की। उन्होंने कहा कि नए नाम जोड़ने के दौरान नव मतदाताओं को विशेष रूप से लक्षित किया जाए। युवाओं को मतदाता सूचियों में जोड़ने के लिए शिक्षण संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाये। उन्होंने शिक्षण परिसरों में विशेष जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर नए मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन एप का अधिकाधिक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए।

.........................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल मुख्यमंत्री निवास पर यूनाइटेड किंगडम से आए प्रतिनिधिमण्डल से मुलाकात कर उन्हें दिसंबर में आयोजित होने वाली राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट में पार्टनर कंट्री बनने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रतिनिधिमण्डल की इस यात्रा से यूके और भारत, विशेषकर राजस्थान के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को अधिक मजबूती मिलेगी। इससे पहले कल मुख्यमंत्री ने सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल के साथ भी बैठक की थी।

.........................

55वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया–इफ्फी के तहत आज विभिन्न शैलियों की 40 से अधिक फिल्में दिखाई जाएंगी। आज इंडियन पैनोरामा का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके बाद फीचर और गैर–फीचर फिल्मेें दिखाई जाएंगी। इससे पहले फिल्म महोत्सव कल गोवा के पणजी में एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इफ्फी की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि ये महोत्सव भारत के फिल्म उद्योग के लिये महत्वपूर्ण है।

.........................

प्रसार भारती ने अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स लॉन्च किया है। गोवा में कल इफ्फी के उद्घाटन समारोह में इसका शुभारम्भ किया गया। डिजिटल स्ट्रीमिंग सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ–साथ वेव्स का उद्देश्य आधुनिक डिजिटल रुझानों को अपनाते हुए पुरानी यादों को ताज़ा करना है। वेव्स में रामायण, महाभारत, शक्तिमान और हम लोग जैसे शो शामिल हैं। यह प्लेटफॉर्म दर्शकों को भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक विरासत से जोड़ेगा।

..........................

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने घोषणा की है कि 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं अगले साल 15 फरवरी से होंगी। 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 18 मार्च को और 12वीं कक्षा की 4 अप्रैल को समाप्त होंगी। सीबीएसई ने पहली बार परीक्षाओं से करीब 86 दिन पहले डेटशीट जारी की है। यह पिछले वर्षों की तुलना में एक महत्वपूर्ण सुधार है। सीबीएसई ने कहा कि 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए परीक्षा की तारीखें विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की तारीखों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की गई हैं।

..........................

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने गृह विभाग में उप निरीक्षक–दूरसंचार के कुल 98 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 28 नवंबर से 27 दिसंबर तक किए जा सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

..........................

शिक्षा विभाग ने 11 हज़ार 911 कार्मिकों की पदोन्नति सूची जारी कर दी है। सूची में 88 उपाचार्य, 485 प्रधानाध्यापक, 24 उप जिला शिक्षाधिकारी, 20 पुस्तकालय अध्यक्ष ग्रेड –1 तथा विभिन्न विषयों के 10 हज़ार 530 प्राध्यापक शामिल है। इसके अलावा 663 शारीरिक शिक्षक और 93 पुस्तकालय अध्यक्ष की पदोन्नति भी की गई। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा की डीपीसी की प्रक्रिया अभी नहीं रुकेगी और विभाग में शेष रही पदोन्नति की सूचियां भी जल्द ही जारी की जाएगी। इसके बारे में संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

..........................

भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियन चैम्पियन्स ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। कल शाम बिहार के राजगीर हॉकी स्टेडियम में भारत ने चीन को 1–0 से हराकर ये खिताब हासिल किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने भारतीय टीम को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि सभी महिला खिलाडी पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहीं, अपने खिताब का बचाव किया और भारत के लिए तीसरी एशियाई चैंपियनशिप जीत दर्ज की। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने भारत को गौरवान्वित किया है। वहीं उपराष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि यह जीत टीम के असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और अनुशासन को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भारत को टीम के शानदार प्रदर्शन पर गर्व है।

..........................

प्रदेश में सर्दी के असर में लगातार बढोतरी हो रही है। कई स्थानों पर सुबह कोहरा छाने से वाहन चालको को परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस के आस–पास दर्ज किया गया। दिन के तापमान में भी कमी आई है। राजधानी जयपुर और आस–पास के ग्रामीण इलाकों में सुबह हल्का कोहरा छाया रहा। करौली जिले में सर्दी ने रंगत दिखानी शुरू कर दी है। लोगो की दिनचर्या में भी बदलाव आया है। प्रदेश के एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में कडाके की सर्दी का दौर शुरू हो गया है।

..........................

मौसम विभाग ने आगामी दिनों में पारे में और गिरावट की संभावना व्यक्त की है।

..........................

दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर ग्रेप–4 प्रतिबंध के प्रावधान लागू करने के बाद भरतपुर के एनसीआर वाले क्षेत्रों में नगर निगम और रीको की ओर से लगातार पानी का छिड़काव कराया जा रहा है। रोड़ स्वीपर से सड़कों को साफ भी कराया जा रहा है। जिला कलेक्टर के निर्देश के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उद्योगों का निरीक्षण किया जा रहा है और पालन नहीं करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है । बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि

अब तक सात स्टोन क्रेशर इकाईयों को बंद कराया गया है और 12 जनरेटर सेट भी सील किए गए हैं।

..........................